नवभारत
भोपाल, सोमवार, 03 अगस्त 2026

रेत वाहन रोकने के मामले में जांच के आदेश

नवभारत की खबर का हुआ असर, अब होगी मामले की जांच

कलेक्टर विवेक श्रोतिय ने दिए जांच के आदेश

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। अपने कार्यक्षेत्र को छोड़कर दूसरे कार्यक्षेत्र में अवैध रेत के ट्रैक्टर-ट्राली लेनदेन के मामले में कलेक्टर विवेक श्रोतिय ने जांच के आदेश दिए हैं। नवभारत की खबर का फिर बड़ा असर हुआ है। अब जतारा तहसीलदार द्वारा रोके गए वाहन और फिर आगे के आरोपों की जांच एडीएम करेंगे। यह निर्णय कलेक्टर ने लिया है।

रेत से भरा ट्रैक्टर रोका, हजारों लेने की खबर, 500 के थे नोट

7 हजार नहीं, बल्कि 5 हजार थे, नोट 500 के..

दरअसल बीती 31 जुलाई को भगतनगर क्षेत्र से एक घटनाक्रम सामने आया था, जिसमें जतारा के तहसीलदार पलक जैन ने अपने कार्यक्षेत्र को छोड़कर दूसरे के कार्यक्षेत्र में हस्तक्षेप करते हुए वहां रेत से भरे वाहनों को रोका था और बिना पिटपास वाले ट्रैक्टर-ट्राली को छोड़ दिया था। इसमें यह बात सामने आई थी कि तहसीलदार पलक जैन के ड्राईवर ने कुछ लेनदेन भी किया है। इस पूरे मामले को नवभारत ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इस खबर के बाद अब कलेक्टर विवेक श्रोतिय ने जांच के आदेश जारी किए हैं। उन्होंने एडीएम को पूरे मामले की जांच सौंपी है। अब एडीएम इस मामले जांच करने के बाद रिपोर्ट कलेक्टर के समक्ष पेश करेंगे। नवभारत ने 01 अगस्त को अपने शीर्षक रेत से भरा ट्रैक्टर रोका, हजारों लेने की खबर, 500 के थे नोट नाम से खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया। यह मामला जैसे ही कलेक्टर के पास पहुंचा तो उन्होंने नवभारत की खबर के आधार पर तत्काल पूरे मामले की जांच कराने के आदेश जारी किए हैं।

कलेक्टर विवेक श्रोतिय ने साफ रुख अपनाया है कि अगर जांच में कुछ भी बिन्दु गड़बड़ पाए गए तो निश्चित ही तहसीलदार के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही को अंजाम दिया जाएगा।

कलेक्टर ने कहा कि ऐसे मामले सामने आने से प्रशासन की छवि पर खासा असर पड़ता है। मैं यह सब बर्दास्त नहीं करूंगा। भ्रष्टाचार तो कतई नहीं, मेरे होते हुए यह सब नहीं चलेगा। इसलिए पूरे मामले की जांच कराने के निर्देश जारी किए हैं। अब इस पूरे मामले में बहुत बारीकी से तहकीकात की जाएगी। इसमें पहलू-दर-पहलू जांच होगी।

हर एक कड़ी को जोड़कर यह देखा जाएगा कि आखिर हकीकत क्या है। क्यों तहसीलदार जतारा पलक जैन ने वाहन को रोका था, क्योंकि नवभारत ने उनके वर्जन को भी प्रकाशित किया था, जिसमें उन्होंने वाहन रोकने की बात को स्वीकार करते हुए आधार कुछ और बताया था, लेकिन नवभारत को मिले साक्ष्य के आधार पर कहानी कुछ और ही थी।

एडीएम की जांच पर रहेगी अब नजर

मामला बेहद गंभीर है। इसमें प्रशासनिक अधिकारी की लापरवाही सामने आई है। इसलिए अब एडीएम टीकमगढ़ द्वारा की जाने वाली जांच पर सबकी नजर रहने वाली है। एडीएम जांच का पूरा प्रतिवेदन बनाकर कलेक्टर विवेक श्रोतिय को सौंपेगे। इसके बाद आगे की कार्यवाही को अंजाम दिया जाएगा। हालांकि इस मामले को लेकर कलेक्टर बेहद नाराज हैं। उन्होंने साफ कहा है कि इससे प्रशासन की छवि पर खासा असर पड़ा है। इसलिए इस मामले जांच जरूरी है।

आसमान में बादलों की आवाजाही

नवभारत न्यूज टीकमगढ़। लगातार बारिश नहीं होने से क्षेत्र में उमस भरी गर्मी का प्रकोप बढ़ गया है। आसमान में बादलों की आवाजाही तो हो रही है, लेकिन बारिश नहीं होने से लोगों को राहत नहीं मिल पा रही। दिनभर तेज धूप और उमस के कारण आमजन का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है।

गर्मी और उमस का असर बाजारों, दफ्तरों और ग्रामीण क्षेत्रों में भी साफ दिखाई दे रहा है। किसान भी बारिश नहीं होने से चिंतित हैं, क्योंकि खरीफ फसलों की बुवाई और फसल की बढ़वार पर इसका असर पड़ने लगा है। वहीं बिजली की बढ़ती खपत के कारण कटौती की समस्या भी लोगों की परेशानी बढ़ा रही है। यदि जल्द अच्छी बारिश नहीं हुई तो खेती के साथ-साथ पेयजल संकट भी गहरा सकता है।

टीकमगढ़ जिले की डायरी

55 दुकानें हुईं खाली, पर नेताजी का नहीं हटा अवैध कब्जा

शहर की सरकारी संपत्ति पर कब्जों के खिलाफ हाल में नगर पालिका ने बड़ी मुहिम चलाकर 55 शासकीय रिक्त दुकानों पर तालाबंदी की है, लेकिन वह नेताजी के द्वारा किए गए अवैध कब्जे को हटाने में नाकाम है। इन नेताजी ने सरकारी गैलरी पर कब्जा कर रखा है। बीते दिनों नगर पालिका के अधिकारी ने जांच कर कार्यवाही की बात तो कही, लेकिन अब वह कार्यवाही करने के लिए हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं . क्योंकि नेताजी उनकी ही परिषद के सदस्य है . नेताजी भी इस भ्रम में है कि उनकी हैकड़ी के सामने सब कोई नतमस्तक है। हालांकि उन्हें यह नहीं पता कि जिस पार्टी से वह जुड़े है उस पार्टी को यह सब पसंद नहीं . इसके बावजूद भी नेता जी कहां मानने वाले उनको यह लगता है कि अगर नगर पालिका ने उनका अवैध अतिक्रमण हटाया, तो उनकी साख पर बट्टा लग जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं है उनको स्वयं आगे आकर उस अतिक्रमण को हटवाना चाहिए, जिससे उनकी इस पहल का एक अलग संदेश जाए . नेताओं का काम जनता की सेवा है न कि जमीनों पर कब्जा करना .

अवैध मुरम का कारोबार जोरों पर

अवैध मुरम का कारोबार जोरों पर . यह इसलिए लिखना पड़ रहा है क्योंकि देर रात 10 बजते ही शहर के बीचों-बीच अवैध मुरम से भरे बिना नंबर वाले डंपर खूब धड़ल्ले से इस कारोबार को करने में लगे हैं . शहर के आसपास ग्रामीण अंचलों में रात होते ही जेसीबी मशीनें सरकारी भूमियों को खुर्दबुर्द करने में लगी हैं, लेकिन खनिज वाले साहब इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे . माफियाओं के सामने यह विभाग चुप्पी सी साध चुका है . रेत पर भी खनिज नहीं, बल्कि कलेक्टर के निर्देश पर राजस्व की टीमों ने दबिश दी थी . अगर ऐसा ही है तो फिर खनिज महकमें की क्या जरूरत . खनिज वाले साहब जरा रात में पैट्रोलिंग कराईए तो हकीकत से खुद व खुद वाकिफ हो जाएंगे .

...आखिर में बात अस्पताल से अंबेडकर वाली सड़क की

...आखिर में बात कर लेते हैं शहर की टूटी पड़ी सड़क की . हम बात कर रहे हैं अस्पताल से लेकर अंबेडकर की ओर जाने वाली डामरीकरण सड़क की, जो बेहद खराब हो गई . इसका शिकार आम राहगीर हो रहे है . लोगों का कहना है कि सड़क की एक साईड पूरी तरह झुक गई है, जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है . इसलिए इसका सुधार कार्य बेहद जरूरी है .

आमिर खान, दैनिक नवभारत

महंत ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जताया विरोध, की निंदा

नवभारत न्यूज टीकमगढ़। संसद में पूर्णिया सांसद पप्पू यादव द्वारा साधु वेश में किए गए प्रदर्शन को लेकर संत समाज में भारी नाराजगी है। रविवार को टीकमगढ़ के धजरई हनुमान मंदिर में निर्मोही अखाड़े के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं बुंदेलखंड पीठाधीश्वर महंत सीताराम दास महाराज ने साधु-संतों के साथ एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसका कड़ा विरोध जताया।

महंत सीताराम दास महाराज ने कहा कि पप्पू यादव ने संसद जैसे पवित्र स्थान पर साधु-संतों की वेशभूषा धारण कर जिस तरह प्रदर्शन किया, वह देश भर के साधु-संतों का अपमान है। उन्होंने भगवा वस्त्र को त्याग और धर्म का प्रतीक बताते हुए राजनीतिक मंच पर इसके उपयोग को निंदनीय बताया। महंत ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से पप्पू यादव की संसद सदस्यता तत्काल समाप्त करने की मांग की। साथ ही, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई कर जेल भेजने का आग्रह किया। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान महंत सीताराम दास ने अयोध्या में श्रीराम मंदिर के निर्माण में कथित चंदा चोरी के मामले को भी उठाया।

संचालकों को निर्देश

नवभारत न्यूज टीकमगढ़। उचित मूल्य राशन दुकानों का उद्देश्य पात्र हितग्राहियों तक समय पर और पूरी मात्रा में खाद्यान्न पहुंचाना है। इसके लिए सरकार ने राशन दुकान संचालकों के लिए कई स्पष्ट नियम बनाए हैं।

राशन दुकान पर संचालक को दुकान के बाहर दुकान का नाम, संचालक का नाम, खुलने और बंद होने का समय, उपलब्ध राशन का स्टॉक, प्रति यूनिट मिलने वाली सामग्री, मूल्य सूची तथा शिकायत हेल्पलाइन संबंधी जानकारी स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करनी चाहिए। संचालक को प्रत्येक पात्र हितग्राही को निर्धारित मात्रा में राशन देना होगा।

नवविवाहित युवक ने लगाई फांसी

नवभारत न्यूज पलेरा। जिले के पलेरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले टोरिया गांव से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है रविवार को एक 28 वर्षीय नवविवाहित युवक ने अपने ही खेत में लगे एक पेड़ से फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली युवक की मौत की खबर फैलते ही पूरे गांव में सन्नाटा पसर गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सबसे दुखद बात यह है कि मृतक की शादी को अभी महज तीन महीने ही बीते थे। खेत पर फंदे से लटकता मिला शव प्राप्त हुआ है।

जानकारी के अनुसार टोरिया गांव निवासी 28 वर्षीय दिनेश रजक रविवार को रोज की तरह अपने खेत पर गया था। लेकिन जब वह काफी देर तक वापस नहीं लौटा, तो परिजनों को चिंता हुई। खेत पर जाकर देखने पर परिजनों के पैरों तले जमीन खिसक गई दिनेश का शव खेत में एक पेड़ पर फंदे से लटक रहा था। चीख-पुकार सुनकर आस-पास के ग्रामीण भी मौके पर इकट्ठा हो गए।तीन माह पहले ही हुई थी शादीग्रामीणों के अनुसार, युवक का विवाह करीब तीन महीने पहले ही हुआ था। इस दुखद घटना ने परिवार को गहरे शोक में डाल दिया।

आज सावन माह का पहला सोमवार

नवभारत न्यूज टीकमगढ़। टीकमगढ़ के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल कुंडेश्वर में श्रावण मास के आज पहले सोमवार को हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचेंगे। भीड़ नियंत्रण के लिए पुलिस विभाग ने यातायात प्लान तैयार किया है। यह प्लान सोमवार सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक लागू रहेगा।

कुंडेश्वर होते हुए महरौनी जाने वाले और महरौनी से टीकमगढ़ आने वाले वाहनों का मार्ग परिवर्तित किया गया है। कुंडेश्वर मार्ग पर भारी वाहनों का आवागमन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।

साइबर क्राइम से कराया जागरूक

नवभारत न्यूज टीकमगढ़। पुलिस ने ग्रामीण इलाकों में मानव दुर्व्यापार और साइबर क्राइम के प्रति जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान का उद्देश्य आमजन, विशेषकर महिलाओं, बच्चों और युवाओं को ऑनलाइन तथा ऑफलाइन मानव तस्करी के नए तरीकों से अवगत कराना और उनसे बचाव व रोकथाम की जानकारी देना था।

थाना प्रभारी रश्मि जैन ने ग्रामीणों को बताया कि तस्कर अब सोशल मीडिया, फर्जी जॉब पोर्टल, व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम का उपयोग कर युवाओं को विदेश में अच्छी नौकरी या मॉडलिंग, एक्टिंग के आकर्षक ऑफर देते हैं।

इसके बाद वे पैसे लेकर या बहला-फुसलाकर उनका अवैध परिवहन कर देते हैं।महिला थाना सहित जिले के विभिन्न थानों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में विद्यालयों, महाविद्यालयों, सार्वजनिक स्थलों और ग्रामों में जनसंवाद, पंपलेट वितरण तथा संवादात्मक सत्रों के माध्यम से बताया गया।

स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था

नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मानसून सत्र के दौरान जलजनित बीमारियों की रोकथाम एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड द्वारा विशेष क्लोरीनेशन अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान के तहत हैडपंपों एवं कुओं सहित पेयजल स्त्रोतों का निर्धारित मानकों के अनुसार क्लोरीनेशन किया जा रहा है, ताकि मानसून के दौरान दूषित जल से होने वाली बीमारियों की रोकथाम की जा सके।

सेमिनार में विशेषज्ञों से परामर्श लेने किया संवाद

नवभारत न्यूज टीकमगढ़। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जिला अस्पताल टीकमगढ़ के मनकक्ष की टीम द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम टीकमगढ़ में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सिविल सर्जन डॉ. अमित शुक्ला के निर्देशानुसार किया गया।

सेमिनार में मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तनाव, उदासी, चिंता, घबराहट, अवसाद डिप्रेशन, ऑब्सेसिव कम्पल्सिव डिसऑर्डर ओसीडी, आत्महत्या के विचार सुसाइडल थॉट्स तथा नशा मुक्ति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। साथ ही मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की समय पर पहचान एवं उपचार के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपील की गई कि मानसिक तनाव या अन्य मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने पर बिना संकोच विशेषज्ञों से परामर्श लें तथा उपलब्ध सेवाओं का लाभ उठाएं।

ग्राम पंचायत बिंदारी खास कई माह से सचिव विहीन

कार्यालय
ग्राम पंचायत बिंदारी खास
जनपद जतारा जिला टीकमगढ़ म.प्र.
गांव बदलेंगे तभी तो देश बदलेगा

नवभारत न्यूज मोहनगढ़। जनपद जतारा की ग्राम पंचायत बिंदारी खास में लंबे समय से सचिव का पद रिक्त होने के कारण ग्रामीणों को पंचायत से जुड़े जरूरी कामों के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पंचायत स्तर पर प्रशासनिक कार्य प्रभावित होने के साथ ही विकास कार्यों की गति पर भी इसका असर दिखाई दे रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत में सचिव नहीं होने से जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, विभिन्न योजनाओं से संबंधित जानकारी, निर्माण कार्यों की प्रक्रिया, पंचायत के दस्तावेजी कार्य सहित अन्य जरूरी कामों के लिए उन्हें बार-बार दूसरी जगहों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। इससे ग्रामीणों का समय और पैसा दोनों खर्च हो रहा है। सचिव के अभाव में पंचायत के विकास कार्यों की निगरानी और कागजी प्रक्रिया प्रभावित होने की बात सामने आ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में सड़क, नाली, पानी, स्वच्छता सहित कई विकास कार्य प्रभावित हो रहे है।

आज होगी टीएल की बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज टीकमगढ़। जिले के कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में टीएल की बैठक आहूत की जाएगी। जिसमें अधिकारियों को द्वारा आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे।

प्रत्येक सोमवार की तरह आज सोमवार को प्रदेश शासन के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक का आयोजन किया जएगा। बैठक की अध्यक्षता जिला कलेक्टर करेंगे। बैठक में विकास कार्यो की समीक्षा होगी।

समय सीमा में प्रकरणों का करें निराकरण

नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न राजस्व एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों एवं लंबित प्रकरणों का गंभीरता, संवेदनशीलता एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कहा कि अनावश्यक रूप से प्रकरण लंबित न रखें तथा शिकायतकर्ताओं से संवाद स्थापित कर संतोषजनक समाधान सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 के सफ ल क्रियान्वयन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर ने बताया कि यह अभियान 07 अगस्त से 08 जनवरी 2027 तक प्रत्येक सप्ताह शुक्रवार को संचालित किया जाएगा। अभियान के दौरान प्रत्येक शुक्रवार को किसी भी स्तर पर समीक्षा बैठकें आयोजित नहीं की जाएंगी। यह दिवस पूर्णत: क्षेत्र भ्रमण, निरीक्षण करे।

संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार को गति देने बैठक



नवभारत न्यूज टीकमगढ़। संस्कृत भारती द्वारा अपूर्व होटल में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मार्गदर्शन प्रांत संगठन मंत्री मनोज पांडे ने किया।

बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार को गति देना तथा गृहे-गृहे संस्कृतम् घर-घर संस्कृत अभियान को प्रभावी रूप से संचालित करने की कार्ययोजना तैयार करना रहा। इस अवसर पर जिला स्तर से लेकर विकासखंड स्तर तक समितियों के गठन एवं उनकी कार्यप्रणाली पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। श्री पांडे ने संस्कृत भारती के चार प्रमुख कार्यों को प्राथमिकता के साथ संपन्न करने का आह्वान किया।

उन्होंने पत्राचार द्वारा संस्कृत संभाषण के लिए संभाषण पत्रिका की सदस्यता बढ़ाने, बाल केंद्रों का नियमित संचालन, शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक संभाषण शिविरों का आयोजन तथा कार्यकर्ताओं की साप्ताहिक बैठकों को नियमित रूप से संचालित करने के निर्देश दिए।

दवा छिड़काव की मांग

नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शहर में भले ही स्वच्छता के नाम पर नगर पालिका ढिंढौरा पीट रही हो, परन्तु नगर के कई स्थानों की नालियों में मच्छर पनप रहे है। लोंगों ने नालियों में कीटनाशक दवा छिड़काव करने की मांग की है।

KUSHABHAU THAKRE LAW COLLEGE
VIDISHA (M.P.)
विद्या ददाति विनयम्
INS3230
न्याय की शिक्षा, बेहतर भविष्य की दिशा
KUSHABHAU THAKRE LAW COLLEGE
ANIL SHRIVASTAVA
HOD
ADMISSION OPEN 2026-27
LL.B
(3 वर्ष का कोर्स)
गुणवत्तापूर्ण शिक्षा
व्यावहारिक प्रशिक्षण
अनुभवी फैकल्टी
उज्ज्वल करियर अवसर
LL.B कोर्स की जानाकारी
कोर्स अवधि: 3 वर्ष
पात्रता: किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक (Graduation)
कोर्स का उद्देश्य: विधि ज्ञान, संवैधानिक समझ, कानूनी शोध एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण
करियर अवसर: वकील, जज, कानूनी सलाहकार, कंपनी लॉ ऑफिसर, सरकारी नौकरी एवं कई अन्य क्षेत्र
हमारी विशेषताएं
✓ अनुभवी एवं योग्य शिक्षणगण
✓ आधुनिक लाइब्रेरी एवं डिजिटल सुविधाएं
✓ मूट कोर्ट, सेमिनार एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण
✓ अनुशासित एवं प्रेरणादायक शैक्षणिक वातावरण
✓ करियर मार्गदर्शन एवं प्लेसमेंट सहायता
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
9827688133
संपर्क करें
ANIL SHRIVASTAVA
पता (ADDRESS)
CITY OFFICE – CIST COLLEGE
ARIHANT VIHAR COLONY, NEAR WATER TANK, VIDISHA (M.P.)

चोरी

चोरों ने पुलिस थाने के समीप विद्युत विभाग को बनाया निशाना

बम्हौरी कलां क्षेत्र में चोरों का आतंक, एक माह में पांचवीं चोरी

कार्यालय कनिष्ट अभियंता म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लि.बम्हौरी कलाँ
बिना अनुमति के अन्दर आना मना है

नवभारत न्यूज टीकमगढ़। बम्हौरी कलां थाना बम्हौरी कलां क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। इस थाना क्षेत्र में चोरों का आतंक निरंतर बढ़ता जा रहा है जिसके चलते एक माह के भीतर यह पांचवी चोरी की घटना सामने आई है। ताजा मामले में थाना परिसर से लगभग 400 मीटर की दूरी पर जतारा-मऊरानीपुर मुख्य मार्ग स्थित विद्युत मंडल कार्यालय को चोरों ने निशाना बनाया।

जानकारी के अनुसार अज्ञात चोर कार्यालय का ताला तोड़कर कंप्यूटर, प्रिंटर एवं अन्य सामान चोरी कर ले गए। घटना के बाद क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को लेकर ग्रामीणों में चिंता बढ़ गई है। लोगों का कहना है कि लगातार हो रही चोरी की घटनाओं का अब तक प्रभावी खुलासा नहीं हो सका है। ग्रामीणों का आरोप है कि चोरी की खबरें प्रकाशित होने पर पुलिस पत्रकारों से नाराजगी जताती है। वहीं कुछ लोगों का यह भी कहना है कि शिकायत करने पर फरियादियों से कहा गया कि जाकर पत्रकारों से ही जांच करा लीजिए। यदि ऐसा हुआ है, तो यह गंभीर आरोप है जिसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि चोरी की घटनाओं का शीघ्र खुलासा किया जाए, दोषियों को गिरफ्तार किया जाए तथा क्षेत्र में नियमित गश्त बढ़ाकर लोगों में सुरक्षा का विश्वास बहाल किया जाए। थाना बम्हौरी कलां क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। इस थाना क्षेत्र में चोरों का आतंक निरंतर बढ़ता जा रहा है जिसके चलते एक माह के भीतर यह तीसरी चोरी की घटना सामने आई है। थाना परिसर के समीप जतारा-मऊरानीपुर मुख्य मार्ग स्थित विद्युत मंडल कार्यालय को चोरों ने निशाना बनाया।

पुलिस गश्त की उठी मांग

बम्हौरी कलाँ पुलिस का कहना है कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है और अज्ञात चोरों की तलाश की जा रही है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि चोरी की घटनाओं का शीघ्र खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए तथा क्षेत्र में नियमित पुलिस गश्त बढ़ाकर लोगों में सुरक्षा का विश्वास बहाल किया जाए।

12 अगस्त तक रहेगी प्रक्रिया जारी

नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, टीकमगढ़ में शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन काउंसलिंग की संस्था स्तर पर काउंसिलिंग प्रवेश की प्रक्रिया प्रारम्भ हो गई है। संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश द्वारा जारी समय-सारणी के अनुसार इच्छुक अभ्यर्थी 4 जुलाई से 12 अगस्त तक ऑनलाइन पंजीयन एवं पंजीयन निरस्तीकरण की प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं।

महाविद्यालय में वर्तमान में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग तथा इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग जैसे रोजगारोन्मुखी डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित हैं। इन पाठ्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी ज्ञान, प्रायोगिक प्रशिक्षण तथा उद्योगों की आवश्यकता के अनुरूप कौशल विकास का अवसर प्रदान किया जाता है। महाविद्यालय में अनुभवी संकाय सदस्य, आधुनिक प्रयोगशालाएँ, कंप्यूटर लैब, पुस्तकालय, इंटरनेट सुविधा तथा उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध है। साथ ही विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु तकनीकी, सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों का नियमित आयोजन भी किया जाता है।

UGC Approved MP GOVT Universities Degree
ADMISSION OPEN 2026-27
Be a
PROFFESSIONAL SINGER with A Difference !!
CIIT COLLEGE
College Code-3901
अब करे विदिशा मे ही सिंगिंग की प्रोफेशनल डिग्री BPA
BPA*
Bachelor Of Professional Art in Vocal
4 Year | After 12th (Any)
BA in Tabla
3 Year | After 12th (Any)
BA in Dance
3 Year | After 12th (Any)
*Approval under Process
Contact us 9667686200
Follow us on
Visit our website www.ciitcollege.in